भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने अंतरसंसदीय संघ की 139वीं सभा की बैठक में भाग लिया

कैंप : जिनेवा, 15 अक्तूबर 2018 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन की अध्यक्षता में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल जिनेवा, स्विट्जरलैंड में होने वाली अंतरसंसदीय संघ की 139वीं सभा की बैठक में भाग ले रहा है।

शिष्टमंडल ने अंतरसंसदीय संघ के एशिया प्रशांत भू राजनैतिक समूह की 14 अत्तूबर 2018 को हुई बैठक में भाग लिया। भारत इस समूह का एक सदस्य है। इस बैठक में इस समूह और अंतर संसदीय संघ से संबंधित अनेक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। लोक सभा अध्यक्ष ने भी समूह में हुए विचार-विमर्श में हिस्सा लिया।

अंतरसंसदीय संघ की सभा की बैठक के साथ ही एशियाई संसदीय सभा की एक समन्वय बैठक भी हुई। समन्वय बैठक में श्री अनिल वाई. देसाई, संसद सदस्य ने भारतीय शिष्टमंडल का प्रतिनिधित्व किया। अंतरसंसदीय संघ की तीसरी स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री देसाई ने अंतरसंसदीय संघ की स्थायी समितियों के अध्यक्षों की बैठक में भी भाग लिया। इस बैठक की अध्यक्षता अंतर संसदीय संघ की अध्यक्ष सुश्री गैबरियेला क्यूवस बैरन ने की।

शिष्टमंडल की दो सदस्यों अर्थात सुश्री हिना विजयकुमार गावीत, संसद सदस्य और श्रीमती प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह, संसद सदस्य ने आज महिला सांसदों के मंच की विभिन्न बैठकों में भी भाग लिया। इन बैठकों में भाग लेते समय सदस्यों ने अनेक समसामयिक मुद्दों जैसे – प्रगतिशील महिलाएं : अवैध व्यापार और हर प्रकार की हिंसा से संरक्षण तथा प्रवासी महिलाएं : मेजबान देशों में उनका समावेशन, कार्य और अधिकार पर भी भाषण दिये।

उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में स्त्री-पुरुष समानता पर भी विस्तार से चर्चा की।

सभा में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने इन दोनों सदस्यों द्वारा दिये गए भाषणों को ध्यान से सुना।